अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना
हिन्दी

स्नातक कार्यक्रम
2020

हिन्दी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय
पानबाजार, गुवाहाटी
असम

भाग-I

1.1 **प्रस्तावना**

> साहित्य हमारे सामने यथार्थ का चित्र भी पेश करता है। साहित्य की विषयवस्तु में विचार ही नहीं होते**;** विचारों की भूमि- मनुष्य का कर्ममय जीवन भी होता है। दर्शन और विज्ञान की सहायता से हम यथार्थ को समझना चाहते हैं**;** साहित्य की सहायता से हम यथार्थ को समझना ही नहीं चाहते हैं, उसे देखना भी चाहते हैं।
>
> (रामविलास शर्मा, 1955)

साहित्य शब्द की उत्पत्ति 'सहित' शब्द हुई है। साहित्य मनुष्य के विचार-जगत और भाव-जगत को कलात्मक रूप से प्रस्तुत करता है। मनुष्य जीवन की विविधता का अंकन साहित्य का उपजीव्य है। हर्ष, विषाद, क्रोध, घृणा जैसे मनुष्य संवेदन साहित्य की आधार-भूमि है। साहित्य अनुशासन 'कला' की श्रेणी में आता है। इस तरह मनुष्य जीवन की संवेदनाओं की अभिव्यक्ति जिन साहित्य रूपों के जरिए होती है, उनकी विशिष्टता का आधार अभिव्यक्ति की कलात्मकता होती है। अभिव्यक्ति की कलात्मकता अंततः सौंदर्य की सर्वमान्य श्रेणियों के प्रतिमानों के आधार पर मूल्यांकित होती है। यही कारण है शास्वत यह प्रश्न बना रहता है कि सौंदर्य की श्रेणियाँ सर्वकालिक हैं या कालाधीन। बहुश्रुत है कि आदि काव्य के सृजन की प्रेरणा वाल्मीक को क्रोच पक्षी के रूदन से मिली। इस तरह मनुष्य जाति का दुःख-दर्द साहित्य की प्रेरणा का स्रोत है या मनुष्य का हर्ष साहित्य की मूल प्रेरणा है, निर्णय कठिन है। साहित्य के अनुशासन में इन्हीं सैद्धांतिक प्रश्नों पर अधिक व्यवस्थित रूप में विचार किया जाता है।

बदलती सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप साहित्यिक मान्यताओं में भी लगातार परिवर्तन दिखाई देता है, लेकिन मूल प्रश्नों का सैद्धांतिक कलेवर नहीं बदलता है। इसके साथ साहित्य अनुशासन को लगातार परिवर्तनशील सृजनात्मक जगत से स्वयं को जोड़े रखने की अनिवार्यता होती है क्योंकि नई साहित्यिक कृतियाँ लगातार नए मानकों को जन्म देती हैं।

इस तरह से साहित्य का अध्ययन मनुष्य के संवेदनात्मक जगत का विस्तार ही नहीं करता है, बल्कि कला और सौंदर्य जगत से मनुष्य का आत्मीय संबंध भी स्थापित करता है। साहित्य और भाषा के अंतर्संबंध मनुष्य को आलोचनात्मक, रचनात्मक और ज्ञानात्मक संवेदन बढ़ाने में भी मदद करते हैं। इसी के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि छात्र दूसरे साहित्येतर अनुशासनों जैसे समाज विज्ञान, मानविकी से साहित्य के अंतर को ठीक तरह से समझ पाए। इन दूसरे अनुशासनों का ज्ञान विद्यार्थी को विवेकशील, संवेदनशील और सृजनशील बनाने के साथ उनमें आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है। वैश्विकता और बंधुत्व के भाव को आत्मसात करना आज हर एक व्यक्ति के लिए आवश्यक है; इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य साहित्यिक ज्ञान के साथ विद्यार्थी को अच्छा नागरिक बनाने और उनमें एक स्वस्थ समाज के निर्माण की क्षमता को विकसित करना है। यह पाठ्यक्रम के अंतर्गत हिंदी साहित्य, भाषा, आलोचना और काव्यशास्त्र का अध्ययन छात्रों की सैद्धांतिक समझदारी को पुख्ता करता है, वहीं कविता, नाटक, कहानी, निबंध आदि का अध्ययन उन सिद्धांतों की व्यावहारिकता को समझने में मदद करता हैं।

1.2 पाठ्यक्रम योजना और विकास हेतु अधिगम आधारित दृष्टिकोण

भारतीय संविधान में देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है । हिन्दी पढ़ने वाले छात्र को भाषा की क्षमता से परिचित होना जितना आवश्यक है, उतना ही दरपेश सामाजिक समस्याओं को समझने की क्षमता होनी भी जरूरी आज हम भूमंडलीकृत समाज के अंग हैं, अंतः हर एक तरह के पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी को देश - विदेश के साहित्य

में हो रहे बदलाव से परिचित कराना भी हो जाता है। पाठ्यक्रम के जरिए व्यावसायिक योग्यता उत्पन्न करके बाज़ारवाद और भूमंडलीकरण की वैश्विक गति के बीच हिंदी की राष्ट्रीय प्रगति को सुनिश्चित किया जा सकेगा क्योंकि सशक्त भाषा के बिना किसी भी राष्ट्र की उन्नति संभव नहीं है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र (1850) ने इसीलिए कहा था, 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कै मूल'। यह पाठ्यक्रम वर्तमान संदर्भों के अनुकूल है, साथ ही साथ इस पाठ्यक्रम का रूप रोजगारपरक भी है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को भाषा और साहित्य के व्यावहारिक अनुप्रयोग से अवगत करा सकेगा। हिंदी साहित्य की नई समझ और भाषा की व्यवहारिकता की जानकारी इसका प्रमुख ध्येय है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य भाषा और समाज के जटिल सम्बन्धों की पहचान कराना भी है, जिससे विद्यार्थी देश, समाज, राष्ट्र और विश्व के साथ बदलते समय में व्यापक सरोकारों से अपना सम्बन्ध जोड़ सके, साथ ही उसमें भाषा कौशल, लेखन और सम्प्रेषण क्षमता का विकास हो सके।

अधिगम परिणामों पर आधारित स्नातक पाठ्यक्रम के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- स्नातक उपाधि के लिए क्षमता, आर्हता के साथ अधिगम परिणामों को सुनिश्चित करना।
- स्नातक कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के अधिगम परिणामों (ज्ञान, क्षमता, मूल्य) की प्रकृति व स्तर को समझने में मदद करना; साथ ही साथ यह निर्धारित करना पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद छात्रों में कैसी क्षमताएँ विकसित होंगी।
- अधिगम परिणामों के राष्ट्रीय मानकों को सुनिश्चित करना तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक मानकों की समतुल्यता से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को सुनिश्चित करना और स्नातक छात्रों की पाठ्यक्रम गतिशीलता (दूसरे संस्थानों) को सुनिश्चित करना।
- उच्च शिक्षा के संस्थानों को अध्ययन-अध्यापन की रणनीति बनाने, छात्र के ज्ञानार्जन के स्तर के मूल्यांकन और अकादमिक पाठ्यक्रमों के मूल्यांकन और स्तर की नियमित समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ बिन्दु निर्धारित करना।

1.3 पाठ्यक्रम योजना और विकास के मुख्य परिणामों का निर्धारण

अधिगम आधारित पाठ्यक्रम का ढाँचा उन अपेक्षित परिणामों और अकादमिक मानकों पर आधारित है, जिसकी पाठ्यक्रम के स्नातक उपाधिधारी छात्र से अपेक्षा की जाती है। पाठ्यक्रम योजना और विकास को रेखांकित करने वाले प्रमुख बिंदुओं में स्नातक क्षमता, कार्यक्रम के परिणाम, कार्यक्रम के विशिष्ट परिणाम और पाठ्यक्रम के परिणाम शामिल हैं।

1.3.1 स्नातक क्षमता

विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों का मुख्य जोर अनुशासनात्मक विशेषज्ञता और तकनीकी ज्ञान है। यही वह गुण है जो भविष्य में छात्रों को सामाजिक अच्छाई के प्रतिनिधि (प्रेरक) के रूप में निर्मित करेंगे। स्नातक-शिक्षा प्राप्त छात्र में निम्न गुण व विशेषता अपेक्षित हैं (होनी चाहिए)-

1. **अनुशासनात्मक ज्ञान**: एक या उससे अधिक अनुशासनों का व्यापक ज्ञान और उसकी समझदारी अर्जित करना।
2. **शोधकार्य कौशल:** उपयुक्त/ उचित प्रश्न पूछने की क्षमता के साथ उचित तरीके से समस्या को सामने रखना; उसके संश्लेष और अभिव्यक्ति की क्षमता के साथ अनुसंधात्मक बोध का होना।
3. **विश्लेषण और तार्किकता:** साक्ष्यों की विश्वसनीयता और प्रासंगिकता का मूल्यांकन करने का सामर्थ्य; अन्य के तर्कों में मौजूद तर्कगत असंगति व दोष को चिंह्नित करने में सक्षमता।
4. **आलोचनात्मक क्षमता:** ज्ञान के क्षेत्र में विश्लेषणात्मक विचारों को प्रयोग करने की क्षमता।
5. **समस्या समाधान:** अर्जित ज्ञान के आधार पर भिन्न किस्म की समस्याओं का अवधारणाओं के अनुप्रयोग के द्वारा समाधान करना।
6. **संचार कौशल:** विचारों को लिखित और मौखिक रूप से प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता।

7. **सूचना प्रौद्योगिकी/ डिजिटल साक्षरता:** विभिन्न अध्ययन परिस्थितियों में कंप्यूटर व संचार तकनीक (ICT) के प्रयोग में सक्षम होने के साथ विभिन्न सूचना स्रोतों के अधिगमन, मूल्यांकन और प्रयोग करने में सक्षम होना; तथा जानकारियों/तथ्यों के विश्लेषण के लिए उपयुक्त साफ्टवेयर का प्रयोग करने में सक्षम होना।
8. **स्व-निर्देशित शिक्षा:** स्वतंत्र रूप से कार्य करने की क्षमता, किसी परियोजना के लिए आवश्यक उपयुक्त संसाधनों की पहचान करना और परियोजना के पूरा होने तक इसका प्रबंधन करना।
9. **सहयोग / टीम वर्क:** विभिन्न समूहों के साथ सम्मानपूर्वक और प्रभावी तरीके से काम करने की क्षमता।
10. **वैज्ञानिक तर्किकता:** मात्रात्मक/गुणात्मक सूचनाओं (तथ्यों) को विश्लेषित करने के साथ उसकी व्याख्या तथा उससे निष्कर्ष निकालने की क्षमता का होना; और खुले दिमाग और तर्कपूर्ण दृष्टिकोण से विचारों, साक्ष्यों और अनुभवों का समालोचनात्मक मूल्यांकन करने में सक्षम होना।
11. **विचारपरकता:** स्व और समाज, दोनों ही स्तरों पर सजीव अनुभवों व स्व-चेतनशीलता के लिए आलोचनात्मक संवेदना होना।
12. **बहुसांस्कृतिक क्षमता:** बहुसांस्कृतिकता और वैश्विकता के मूल्यों और विश्वासों की जानकारी होना।
13. **नैतिक जागरूकता:** जीवन संचालक नैतिक मूल्यों के महत्व को पहचानने की क्षमता होने के साथ विभिन्न दृष्टिकोणों में निहित नैतिक मुद्दों को सैद्धांतीकृत करने की क्षमता और सभी कार्यों में नैतिक व्यवहार का प्रयोग करने में सक्षम होना।
14. **नेतृत्व तत्परता / गुण:** समूह या संगठन के कार्यों को निर्धारित करने की क्षमता के साथ दृष्टिकोण का निर्धारण; प्रेरणास्पद लक्ष्यों के निर्धारण में सक्षम होने के साथ उस समूह (टीम) के निर्माण में सक्षम होना जो इन कार्यों और लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक हो; इसके साथ प्रभावी तरीके से समूह सदस्यों को उचित दिशा-निर्देश देने की प्रबंध क्षमता का प्रयोग करने में सक्षम होना।
15. **जीवनपर्यंत शिक्षा:** 'कैसे सीखे' को जानने के साथ उस ज्ञान और कौशल को अर्जित करने की क्षमता का होना जो कि जीवनपर्यंत सीखने-जानने की गतिविधियों में भागीदारी के लिए अनिवार्य होती है; इस गतिविधि की अनिवार्यता व्यक्तित्व-विकास, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों के लिए होने के साथ व्यवहारिक और कार्यस्थल की जरूरतों के मुताबिक ज्ञान/कौशल/पुनर्कौशल अर्जित करने के लिए होती है।

1.3.2 स्नातक कार्यक्रम (आनर्स) के लिए कार्यक्रम के लक्षित परिणाम (POs)

परिणाम लक्ष्य (POs) ऐसे विवरण हैं जो स्नातक कार्यक्रम के जरिए उपाधि प्राप्त छात्र में होने ही चाहिए। ये वे संकेतक/मानक हैं जो कि स्नातक उपाधि छात्रों के ज्ञान, कौशल और गुणवत्ता को इंगित करते हैं। ये निम्नवत हैं:

1. **गहन ज्ञान**: अध्ययन क्षेत्र से संबंधित अवधारणाओं की समझदारी और इससे संबंधित प्रक्रिया की जानकारी के साथ संदर्भित क्षेत्र के ज्ञान को अभिव्यक्त करना और दूसरे अनुशासनों और विषयगत अध्ययन से उसके संबंध की जानकारी का होना।
2. **विशिष्ट ज्ञान और कौशल**: अर्जित विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रक्रियागत ज्ञान और क्षमता को प्रदर्शित करने की क्षमता के साथ उस क्षेत्र में हुए विकास की समझदारी का होना और इस विशेषज्ञता के क्षेत्र में हुए नवीनतम् विकास की आलोचनात्मक समझदारी का होना; विशेषज्ञता के क्षेत्र में पहले से निर्धारित तकनीकों के विश्लेषण की क्षमता के साथ उसके प्रति जिज्ञासा का होना।
3. **विश्लेषणात्मक और आलोचनात्मक सोच:** विचारों की एक विस्तृत श्रृंखला और जटिल समस्याओं और उससे जुड़े दूसरे पहलुओं को जानने के साथ उसके विश्लेषण और आलोचनात्मक चिंतन में सक्षम होना।
4. **अनुसंधान और नवाचार:** विशेषज्ञता के क्षेत्र में वर्तमान शोध की स्थिति के बारे में व्यापक ज्ञान की अभिव्यक्ति; शोध समस्याओं की पहचानने की आलोचकीय क्षमता के साथ विशेषज्ञता के क्षेत्र में दूसरे स्रोतों की एक विस्तृत

श्रृंखला से प्रासंगिक जानकारी एकत्र करना, परिणामाधारित शोधों को सूत्रबद्ध करने के लिए उचित पद्धति का प्रयोग करते हुए आँकड़ों के स्रोत की पहचान के साथ उसका विश्लेषण और व्याख्या करने में सक्षमता।

5. **अंतरअनुशासनिक दृष्टिकोण:** बौद्धिक खुलेपन के प्रति प्रतिबद्धता और विषयगत क्षेत्र में हो रहे विकास की समझदारी।
6. **संवाद क्षमता:** अनुशासनात्मक ज्ञान को व्यक्त करने की प्रभावी वाचिक और लिखित क्षमता के होने के साथ विषय से संबंधित मुख्य अवधारणाओं, संरचनाओं और तकनीकों का प्रयोग करते हुए अध्ययन परिणामों को सटीक तरीके से व्यक्त करने की क्षमता का होना।
7. **कैरियर विकास:** उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए आवश्यक शैक्षणिक, पेशेवर, विशेषज्ञ कौशल और रोजगार योग्यता में दक्षता का होना।
8. **समूह कार्य क्षमता:** अंतरवैयक्तिक कौशल के साथ नेतृत्व गुण और समूह में कार्य करने की क्षमता।
9. **समाज और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता:** मनुष्यता के सामने दरपेश स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मौजूद सामाजिक, पर्यावरणिक, मानवीय और दूसरे मुद्दों की पहचान करना; राष्ट्रीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र की महत्ता को स्वीकरने के साथ राष्ट्रीय एकता के मूल्य को पहचानना।

1.3.3 पाठ्यक्रम के विशिष्ट परिणाम केंद्रित लक्ष्य (PSOs)- हिन्दी

पाठ्यक्रम केंद्रित विशिष्ट परिणामों में विषय केंद्रित कौशल और सामान्य कौशल के शामिल होने के साथ स्थानांतरीय वैश्विक कौशल और दक्षताएँ भी शामिल हैं। छात्रों के लिए इन सभी विशिष्टताओं को अर्जित करना स्नातक उपाधि के लिए अनिवार्य है। पाठ्यक्रम केंद्रित अपेक्षित परिणामों का मुख्य जोर भविष्य के अध्ययन, रोजगार और नागरिक जीवन के लिए छात्रों को ज्ञान और कौशल को विकसित करना भी है। ये परिणाम विभिन्न विश्वविद्यालयों के अध्ययन स्तर और अकादमिक मानकों को तुलनात्मक रूप से स्पष्ट करने में सहायक होते हैं और पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले स्नातक छात्रों की योग्यता की एक बृहतर तस्वीर सामने लाते हैं। इन परिणामों का अर्जन कार्यक्रम के सभी पाठ्यक्रमों के स्तर पर समग्र रूप से समाकलित होता है।

1. **आधारभूत अवधारणा:** साहित्य का अर्थ, उसकी उपयोगिता के साथ मनुष्य-जीवन में उसकी भूमिका को समझना।
2. **इतिहासबोध:** साहित्य अध्ययन का अनिवार्य अंग इतिहासबोध है क्योंकि अतीत की सामाजिक, आर्थिक, राजनीति और सांस्कृतिक परिस्थितियों को समझे बिना साहित्य को समझा नहीं जा सकता है।
3. **साहित्यिक रूपाकार:** साहित्यिक रूपाकारों से तात्पर्य रचनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूप जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक आदि से हैं। इन रूपाकारों की विशिष्ट प्रकृति और इसके साहित्यिक मूल्य को समझना।
4. **आलोचना:** साहित्यिक कृतियों के मूल्यांकन आधारों से परिचय।
5. **आलोचनात्मक दृष्टिकोण:** इतिहास और साहित्य कृतियों के अंतर्संबंध का निर्धारण करने योग्य विवेक का होना।
6. **सामाजिक परिवर्तन:** साहित्यिक रूपाकारों में होने वाले कालाधारित परिवर्तनों को समझना।
7. **साहित्यिक-मूल्यांकन पद्धतियों का अनुप्रयोग:** काव्यशास्त्र के सिद्धांतों के व्यवहारिक अनुप्रयोग में दक्षता।
8. **रचनात्मक क्षमता:** कला रूपों की प्रकृति को समझना और रचनात्मक तरीके से साहित्य के अवगाहन में सक्षम होना।
9. **शोधोन्मुखता व नवोंमेष:** साहित्य और साहित्येतिहास के क्षेत्र में अनुसंधान के भाव का होना।
10. **साहित्य और समाज संबंध:** साहित्य के समाज के रिश्ते को समझना।
11. **भाषिक क्षमता:** छात्रों में संवाद क्षमता होने के साथ जटिल आलोचनात्मक विचारों को अभिव्यक्त करने में सक्षम होना। इसके साथ भाषा के प्रायोगिक रूप (प्रयोजनमूलक) में दक्ष होना।

1.3.4 कार्यक्रम केंद्रित लक्षित परिणाम

कार्यक्रम केंद्रित लक्षित परिणाम

कार्यक्रम केंद्रित लक्षित परिणाम	101	102	201	202	301	302	303	401	402	403	501	502	601	602
आधारभूत अवधारणा	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x
इतिहासबोध	x	x		x	x	x		x	x		x	x	x	x
साहित्यिक रूपाकार	x				x	x		x	x		x		x	x
आलोचना		x		x										x
आलोचनात्मक दृष्टिकोण												x		x
सामाजिक परिवर्तन		x	x	x		x	x	x		x	x	x		x
साहित्य-मूल्यांकन पद्धतियों का अनुप्रयोग				x		x	x	x	x	x	x	x		x
रचनात्मक क्षमता		x		x	x	x	x	x	x	x	x	x		x
शोधोन्मुखता व नवोंमेष		x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x		x
साहित्य-समाज संबंध	x			x		x	x	x	x		x			x
भाषिक क्षमता	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x

कार्यक्रम केंद्रित लक्षित परिणाम- ऐच्छिक और विभाग केंद्रित ऐच्छिक विषय

कार्यक्रम केंद्रित लक्षित परिणाम	103	203	304	404	503	504	505	506	603	604	605	606
आधारभूत अवधारणा	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x
इतिहासबोध	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x		x
साहित्यिक रूपाकार	x			x	x	x					x	x
आलोचना										x		
आलोचनात्मक दृष्टिकोण		x										
सामाजिक परिवर्तन		x	x	x			x		x			x
साहित्य-मूल्यांकन पद्धतियों का अनुप्रयोग	x	x	x	x	x		x	x	x	x	x	x

रचनात्मक क्षमता		x	x	x	x		x		x	x	x	x
शोधोन्मुखता व नवोंमेष	x	x	x	x	x		x	x	x	x	x	
साहित्य-समाज संबंध			x	x			x	x	x	x	x	x
भाषिक क्षमता	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x	x

1.4 **अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया**

कॉटन विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में छात्र-केंद्रित शिक्षण प्रक्रिया को महत्व दिया गया है जिससे अर्जित ज्ञान छात्र के अनुभव का भी हिस्सा हो पाए। हर एक किस्म के शैक्षणिक व्याख्यान की प्रकृति संवादात्मक है, जिसमें छात्रों की सहभागिता के साथ प्रश्नोत्तर व संवाद के लिए व्याख्यान के अंत में समय निर्धारित है। पारंपरिक कक्षाओं के अलावा, ऑनलाइन माध्यम से भी व्याख्यानों की व्यवस्था है, जिससे छात्र सभी शिक्षकों से अपने संशयों और जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। सूचना-तकनीक सुविधाओं का प्रयोग करते हुए पावर-पॉइंट, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म तथा दूसरे अन्य प्लेटफार्मों के साथ आईसीटी के सुविधाओं का उपयोग करते हैं।

इस विभाग ने सहभागी शिक्षण पद्धतियों को अपनाया है, जिसमें संगोष्ठियाँ, प्रस्तुतियाँ और समूह-चर्चाएँ शामिल हैं। ये सहभागी शिक्षण पद्धतियाँ लगभग सभी सत्रों के पाठ्यक्रमों में शामिल हैं। इनके अलावा छात्रों में ज्ञान की वृद्धि, नवीन विचारों से अवगत होने के लिए तथा उनमें वैश्विक, अकादमिक और अनुसंधान प्रगति से परिचित कराने के लिए विशेष कार्यशालाएँ, आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आदि का आयोजन किया जाता है।

अल्पकालिक परियोजना कार्य, अनुसंधान की परियोजनाएं, असाइनमेंट आदि पाठ्यक्रमों के अभिन्न घटक हैं, जो छात्रों को व्यावहारिक समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाते हैं। इन पद्धतियों से इनके विषय संबंधित ज्ञान में वृद्धि करने की कोशिश की जाती है।

1.5 **मूल्यांकन पद्धति**

छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन हेतु पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुकूल विभिन्न तरीकों के मूल्यांकन पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है। पाठ्यक्रम के विशिष्ट परिणाम लक्ष्यों के मूल्यांकन के लिए निम्न पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है: लिखित परीक्षाएँ समस्या आधारित गृहकार्य (असाइनमेंट); पुस्तक समीक्षाएँ; लघु शोध निबंध; मौखिक प्रस्तुतियाँ (सेमीनार); मौखिक प्रश्नोत्तर; कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ आदि।

भाग- II

हिन्दी में स्नातक कार्यक्रम की संरचना

चयन आधारित क्रेडिट व्यवस्था की रूपरेखा:

पाठ्यक्रम के प्रत्तेक कोर्स निम्न श्रेणियों के हैं-

1. आधार कोर्स (Core Course): इस श्रेणी के कोर्स वे हैं, छात्रों के लिए जिनका अध्ययन अनिवार्य है.

2. ऐच्छिक कोर्स (Elective Course): सामान्य रूप से इस श्रेणी के कोर्स वे होते हैं जिनका छात्र अपनी रूचि के अनुरूप चयन करते हैं। इन बहुत अधिक प्रवीणता विशेषज्ञतापूर्ण कोर्स भी शामिल होते हैं। इसके साथ इन कोर्सो की प्रकृति ऐसी होती है जिससे छात्रों को दूसरे अनुशासनों/विषयों की जानकारी भी हो पाती है।

2.1 अनुशासन केंद्रित ऐच्छिक विषय (DSE): ऐच्छिक कोर्स मुख्य अनुशासन-अध्ययन क्षेत्र से निर्धारित होते हैं। विश्वविद्यालय इस विषय में अंतरअनुशानात्मक प्रकृति के पाठ्यक्रमों को भी प्रस्तावित कर सकता है।

2.2 लघु शोध प्रबंध- निबंध/परियोजना कार्य: इस श्रेणी के ऐच्छिक पाठ्यक्रमों को विशेषज्ञतापूर्ण ज्ञान हेतु निर्मित किया गया है। इसमें विशेषज्ञा के आधार पर परियोजना कार्य किया जा सकता है, जिसमें विभाग के अध्यापक या संकाय सदस्य मदद करते हैं।

2.3 सामान्य ऐच्छिक (GE) विषय: इस श्रेणी के विषय प्रायः अनुशासन की सीमा में नहीं होते हैं और इनका उद्देश्य छात्र को ज्ञान के बृहतर परिप्रेक्ष्य से परिचित कराना होता है।

अनुशासन (विभाग) द्वारा संचालित विषय दूसरे अनुशासनों के लिए लिए सामान्य ऐच्छिक विषय के रूप में चिंह्नित होते हैं।

3. क्षमता संवर्द्धक कोर्स (AEC): क्षमता संवर्द्धक कोर्स (AEC) दो किस्म के होते हैं: क्षमता संवर्द्धक अनिवार्य कोर्स (AECC) और कौशल संवर्द्धक कोर्स (SEC)। इस श्रेणी के कोर्सों की प्रकृति ज्ञान संवर्धन की होती है। ये सभी अनुशासनों के लिए अनिवार्य हैं। वहीं कौशल संवर्द्धक कोर्स (SEC) मूल्य-आधारित होते हैं जिनका उद्देश्य प्रशिक्षण, दक्षता और कौशल में अभिबृद्धि करना होता है।

3.1 क्षमता संवर्द्धक अनिवार्य कोर्स (AECC): पर्यावरण विज्ञान, अंग्रेजी संवाद/ आधुनिक भारतीय भाषागत संवाद।
3.2 कौशल संवर्द्धक कोर्स (SEC): कौशल संवर्द्धन के उद्देश्य से निर्मित कोर्सो में इनका चुनाव किया जा सकता है।

स्नातक पाठ्यक्रमों में शोधोन्मुखता

परियोजना कार्य को विशेष पाठ्य माना जाता है। इसमें वास्तवित जीवन परिस्थितियों से संबंधित परिस्थितियों/समस्याओं को देखते हुए अनुशासन केंद्रित ज्ञान के अनुप्रयोग की अपेक्षा की जाती है। परियोजना कार्य 6 क्रेडिट का होगा। परियोजना कार्य किसी विशेष पत्र की जगह अध्ययन करने के लिए भी दिया जा सकता है।

स्नातक पाठ्यक्रम विवरण और क्रेडिट वितरण (आनर्स):

स्नातक उपाधि के लिए न्यूनतम 140 क्रेडिट की आवश्यकता होगी। इसका वितरण निम्नवत् है:
(14 Core papers × 6 credit each) +(4GE papers × 6credit each)+ (2 AECC papers × 2 credit each) + (2 SEC papers × 2 credit each) + (4 DSE papers × 6 credits each) = 140 Credits

Course		No of Papers	Credits	
			Theory+ Practical	**Theory + Tutorial**
I. आधार पाठ्य		14	14×(4+2) = 84	14×(5+1) = 84
II. ऐच्छिक पाठ्य कुल: 8 पेपर	**A. अनुशासन केंद्रित विशेष ऐच्छिक विषय (DSE)**	4	4×(4+2) = 24	4×(5+1) =24
	B. सामान्य ऐच्छिक विषय (GE) (अंतरअनुशासनिक)	4	4×(4+2) = 24	4×(5+1) =24
III. क्षमता संवर्द्धक पाठ्य (न्यूनतम 2, अधिकतम 4)	**A. क्षमता संवर्द्धक अनिवार्य पाठ्य (AECC)**	2	2×(2+0) =4	2×(2+0) =4
	B. कौशल संवर्द्धक पाठ्य (SEC)	2	2×(2+0)=4	2×(2+0)=4
		26	**Total credit= 140**	**Total credit= 140**

*Wherever there is a practical there will be no tutorial and vice-versa.
* Figures in the parenthesis indicate the credits

सेमेस्टरवार पेपर और क्रेडिट वितरण:

कार्यक्रम: स्नातक (आनर्स)

स्नातक उपाधि के लिए न्यूनतम 140 क्रेडिट की आवश्यकता होगी। इसका वितरण निम्नवत् है:
(14 Core papers × 6 credit each) +(4GE papers × 6credit each)+ (2 AECC papers × 2 credit each) + (2 SEC papers × 2 credit each) + (4 DSE papers × 6 credits each) = 140 Credits

सेमेस्टर	**आधार पाठ्यक्रम** ***कुल- 14***	**क्षमता संवर्द्धक अनिवार्य पेपर (AECC)** ***कुल-2***	**कौशल संवर्द्धक पेपर (SEC)** ***कुल- 2***	**ऐच्छिक: अनुशासन केंद्रित विशेष पेपर (DSE)** ***कुल– 4***	**ऐच्छिक: सामान्य प्रकृति के पाठ्य (GE)** ***कुल– 4***
I	C 1 Credit- 6	*English Communication/ MIL for BA Course **Environmental Science for BSc Course Credit- 2			GE-1 Credit- 6
	C 2 Credit- 6				
II	C 3 Credit- 6	*English Communication/MIL			GE-2 Credit- 6

	C 4 Credit- 6	for BSc Course **Environmental Science for BA Course Credit- 2			
III	C 5 Credit- 6		SEC -1 Credit- 2		GE- 3 Credit- 6
	C 6 Credit- 6				
	C 7 Credit- 6				
IV	C 8 Credit- 6		SEC -2 Credit- 2		GE-4 Credit- 6
	C 9 Credit- 6				
	C 10 Credit- 6				
V	C 11 Credit- 6			DSE-1 Credit- 6	
	C 12 Credit- 6			DSE -2 Credit- 6	
VI	C 13 Credit- 6			DSE -3 Credit- 6	
	C 14 Credit- 6			DSE -4 Credit- 6	

क्षमता संवर्द्धक अनिवार्य कोर्स (AECC) का चयन:

1.स्नातक (आनर्स):
प्रथम सेमेस्टर के लिए -
(a)आधुनिक भारतीय भाषाओं (MIL) को आधार पाठ्य के रूप में अध्ययन करने वाले छात्र क्षमता संवर्द्धक कोर्स (AECC) के रूप में अंग्रेजी का चुनाव करेंगे।
(b) आधार विषय के रूप में अंग्रेजी का अध्ययन करने वाले छात्र: आहर्ता परीक्षा में जिस भाषा का अध्ययन किया था, उसका अध्ययन करेंगे, अन्यथा क्षमता संवर्द्धक कोर्स (AECC) के रूप में अंग्रेजी का चुनाव करेंगे।
(c) आधुनिक भारतीय भाषा (MIL) या अंग्रेजी में किसी का भी अध्ययन न करने वाले छात्र क्षमता संवर्द्धक कोर्स (AECC) के रूप में उस आधुनिक भारतीय भाषा (MIL) का कोर्स चुनेंगे जिसका उन्होंने अपनी आहर्ता परीक्षा में अध्ययन किया था, अन्यथा वे क्षमता संवर्द्धक कोर्स (AECC) के रूप में संवाद अंग्रेजी का चुनाव करेंगे।
दूसरे सेमेस्टर के लिए-

*पर्यावरण विज्ञान का अध्ययन सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।

हिन्दी पाठ्यक्रम की संरचना (स्नातक कार्यक्रम)

- 1 क्रेडिट = 1 सैद्धांतिक व्याख्यान प्रति सप्ताह एक घण्टा (L)
- 1 क्रेडिट = 1 ट्यूटोरियल प्रति सप्ताह एक घण्टा (T)
- 1 क्रेडिट = 1 प्रयोगिक कक्षा प्रति सप्ताह दो घण्टा (P)

प्रति सेमेस्टर **15** सप्ताह अध्ययन कार्य के लिए निर्धारित है

CORE

Paper Code	**Paper Title**	**L+T+P**
Semester I		
HIN101C	हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल व मध्यकाल)	5+1+0
HIN102C	हिन्दी कविता (आदिकाल व मध्यकाल)	5+1+0
Semester II		
HIN201C	हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि	5+1+0
HIN202C	हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)	5+1+0
Semester III		
HIN301C	भारतीय काव्यशास्त्र	5+1+0
HIN302C	आधुनिक हिन्दी कविता: नवजागरण से छायावाद तक	5+1+0
HIN303C	हिन्दी कहानी: उद्भव और विकास	5+1+0
Semester IV		
HIN401C	हिन्दी आलोचना: उद्भव और विकास	5+1+0
HIN402C	आधुनिक हिन्दी कविता: प्रगतिवाद से समकालीन कविता	5+1+0
HIN403C	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	5+1+0
Semester V		
HIN501C	हिन्दी उपन्यास: उद्भव-विकास और विस्तार	5+1+0
HIN502C	हिन्दी नाटक व एकांकी	5+1+0
Semester VI		
HIN601C	आधुनिक गद्य विधाएँ	5+1+0
HIN602C	तुलनात्मक साहित्य (असमीया साहित्य के विशेष संदर्भ में)	5+1+0

Discipline Specific Elective

Semester V

HIN503DSE	स्त्री साहित्य	5+1+0
HIN504DSE	लोक साहित्य	5+1+0

Semester VI

HIN603DSE	दलित विमर्श	5+1+0
HIN604DSE	तुलनात्मक कृष्ण भक्ति काव्यधारा	5+1+0

Generic Electives

Semester I

HIN 103E	हिन्दी साहित्य (कविता और कहानी)	5+1+0

Semester II

HIN203E	प्रयोजनमूलक हिन्दी	5+1+0

Semester III

HIN 304 E	आधुनिक हिन्दी कविता और कहानी	5+1+0

Semester IV

HIN 404E	हिन्दी साहित्य और सिनेमा	5+1+0

Ability Enhancement Compulsory Course (AECC)

Semester I

HIN 104A	हिन्दी साहित्य: कविता और कहानी	1+1+0

Semester II

HIN 204 A	आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य	1+1+0

Skill Enhancement Course

Semester III

HIN 001SEC	अनुवाद: सिद्धांत और प्रयोग	2+0+0

Semester IV

HIN 002SEC	कार्यालयी हिन्दी	2+0+0

Semester I

Paper Code: **HIN101C**

Paper Title: **हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल व मध्यकाल) (Credit: 5+1+0=6)**

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को हजार वर्षों के हिन्दी साहित्य से परिचित करवाना है। छात्रों को हिन्दी साहित्य के इतिहास में परम्परा और प्रगति के संबंध को भी समझाना है। हिन्दी साहित्य के विभिन्न कालखंडों में से आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल की परिस्थितियों, पृष्ठभूमि तथा काव्यधाराओं से छात्रों को परिचित करवाना है।

अपेक्षित आधिगम परिणाम:

- साहित्य- इतिहास के अंतर्संबंध को समझ पायेंगे।
- इतिहास लेखन की परंपरा को जान पायेंगे।
- हिन्दी भाषा और साहित्य के निर्माण की शुरूआत से परिचित हो सकेंगे।
- साहित्य के स्वरूप और प्रवृत्तियों को पहचान पायेंगे।
- आदिकाल, भक्तिकाल और रीतिकाल से परिचित होंगे।

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	हिन्दी साहित्यः परिचय, इतिहास लेखन व लेखन की परंपरा, काल विभाजन	10
II	साहित्यिक कालः आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल (सीमांकन एवं नामकरण, परिस्थितियाँ, पृष्ठभूमि, काव्य-प्रवृत्तियाँ)	10
III	आदिकालः सिद्ध साहित्य, नाथ साहित्य, जैन साहित्य, रासो साहित्य, लौकिक साहित्य)	10
IV	भक्तिकालः सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, भक्ति आंदोलन, निर्गुण काव्यधारा (ज्ञानाश्रयी एवं प्रेमाश्रयी	20
V	सगुण काव्यधारा (रामभक्ति एवं कृष्णभक्ति)	15
VI	रीतिकालः रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध, रीतिमुक्त	10

अध्ययन सामग्री

रामचंद्र शुक्ल, *हिंदी साहित्य का इतिहास*, दिल्ली, प्रकाशन संस्थान

हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य की भूमिका*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्यः उद्भव और विकास*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, *हिंदी साहित्य का अतीत*, दिल्ली, वाणी प्रकाशन

नगेन्द्र (संपा.), *हिंदी साहित्य का इतिहास*, दिल्ली, मयूर पेपरबैक्स

राजबली पांडेय (व अन्य), *हिंदी साहित्य का बृहत इतिहास* (17 खण्ड), वाराणसी, नागरी प्रचारिणी सभा

Paper Code: HIN 102C

Paper Title: हिन्दी कविता: आदिकाल व मध्यकाल (Credit: 5+1+0=6)

यह प्रश्नपत्र स्नातक के छात्रों को ध्यान में रखते हुए प्राचीन व मध्यकालीन हिन्दी कविता का एक विहंगम सर्वेक्षण है। इस प्रश्नपत्र में हिन्दी के आरंभिक दौर में विकसित हुई हिन्दी कविता का प्रतिनिधि अध्ययन प्रस्तावित है। हिन्दी में भाषिक संक्रमण के साथ विभिन्न साहित्यिक आंदोलनों का हिन्दी कविता पर किस रूप में प्रभाव पड़ा है, यह भी पाठ्यचर्या का विषय है। इस पाठ्यचर्या में हिन्दी कविता के प्रतिनिधिक कवियों की प्रतिनिधिक रचनाओं का भी अध्ययन प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य छात्रों में काव्य-संवेदना का विकास करना भी है।

अपेक्षित आधिगम परिणाम

1. छात्र हिन्दी कविता की परंपरा से परिचित हो सकेंगे।
2. हिन्दी कविता के विभिन्न रूपों के साथ सामाजिक परिस्थितियों के साहित्य पर प्रभाव को समझने में समझम होंगे।
3. भक्ति आंदोलन की कविता के मूल स्वर को समझ पाएंगे।
4. रीति और भक्ति कविता में अंतर को समझने में सक्षम होंगे।

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	रासो साहित्य (चंदबरदायी: पृथ्वीराज रासो, संपा. हजारीप्रसाद द्विवेदी, नामवर सिंह, शशिवृता विवाह प्रस्ताव- पाँच पद) - विद्यापति (विद्यापति पदावली, संपा. रामवृक्ष बेनीपुरी, आरंभिक 10 पद) व्यक्तित्व व कृतित्व वंदना: राधा, श्री कृष्ण प्रेम (प्रेम), राधा का प्रेम (प्रेम), राधा का वर्णन (श्रृंगार)	15 Classes
II	कबीर (हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा संपादित कबीर के आरंभिक 10 पद)	10 Classes
III	सूरदास (सूरसागर- संपा. नंददुलारे बाजपेई) पद- छंद-138, 153 (विनय), 110, 115 (वात्सल्य), 672, 673 (श्रृंगार)	10 Classes
IV	तुलसीदास (कवितावली, उत्तरकांड, पद 89-98)	15 Classes
V	केशवदास (प्रिया प्रकाश- ला. भगवानदीन) कवि प्रिया: तीसरा प्रभाव (1, 2, 4, 5), पांचवा प्रभाव (1, 10), छठा प्रभाव (56, 66, 69)	15 Classes
VI	बिहारी (बिहारी रत्नाकर- जगन्नाथदास रत्नाकर)	10 Classes

	(छंद: 1, 62, 103, 127, 128,143, 180, 347, 363, 388)	

अध्ययन सामग्री

रामस्वरूप चतुर्वेदी, *मध्यकालीन हिन्दी काव्यभाषा*, इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन

रामस्वरूप चतुर्वेदी, *हिन्दी काव्य संवेदना का विकास*, इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन

रामस्वरूप चतुर्वेदी, *हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास*, इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन

रामचंद्र शुक्ल, *हिन्दी साहित्य का इतिहास,* इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन

लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, *हिंदी साहित्य की भूमिका*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

रामविलास शर्मा, *भारतेंदु युग*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

रामचंद्र तिवारी, *मध्यकालीन काव्य-साधना*, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन

रामचंद्र तिवारी, *कबीर मीमांसा*, इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन

बच्चन सिंह (सं.), *बिहारी रत्नाकर*, इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन

Paper Code: **HIN103E**

Paper Title: **सृजनात्मक लेखन के विविध क्षेत्र (Credit: 5+1+0=6)**

हिन्दी पत्रकारिता के परिचय के साथ पत्रकारिता की भाषा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों का अध्ययन इस पाठ्यक्रम का हिस्सा है।फीचर लेखन, रिपोर्ट से लेकर साक्षात्कार जैसी विधाओं के सैद्धांतिक और प्रायोगिक पहलुओं के अध्ययन पर इसपाठ्यक्रम में जोर दिया गया है।

अपेक्षित आधिगम परिणाम

1. इस पाठ्यक्रम में हिन्दी से जुड़ी रोजगारपरक अनुप्रयोगों का अध्ययन प्रस्तावित है।
2. हिंदी में फीचर लेखन, रिपोर्ट से लेकर साक्षात्कार जैसी विधाओं के जानकारी के माध्यम से आगामी भविष्य में कार्यालयों के कार्यों में सहायक होगा।

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	जनसंचार माध्यम : अर्थ, परिभाषा, महत्व	15
II	संचार के प्रकार, जनसंचार की विशेषताएं, भारत में जनसंचार माध्यमों का विकास	15
III	पत्रकारिता: अर्थ, पत्रकारिता के प्रकार, प्रवृतियाँ, प्रमुख पत्र-पत्रिकाएँ, समाचार के तत्व	10
IV	फीचर लेखन: फीचर लेखन का अर्थ, फीचर के प्रकार, फीचर और समाचार में अंतर	10

V	मीडिया: अर्थ, स्वरूप, प्रकार, मीडिया का महत्व, सोशल मीडिया का विकास एवं प्रभाव	10
VI	साक्षात्कार: अर्थ, महत्व, उपयोगिता	15

अध्ययन सामग्री

संजय द्विवेदी, *मीडिया भूमंडलीकरण और समाज*, दिल्ली

अजय कुमार सिंह, *पत्रकारिता*, दिल्ली, लोकभारती प्रकाशन

अनुराधा, *न्यू मीडिया - इंटरनेट की भाषायी चुनौतियाँ और संभावनाएँ*, दिल्ली, राधाकृष्ण प्रकाशन

रामचन्द्र तिवारी, *हिन्दी का गद्य साहित्य*, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन

Paper Code: **HIN104A**

Paper Title: **हिन्दी साहित्य (कविता और कहानी) (Credit: 2+0+0=2)**

इस पाठ्यक्रम के जरिए पाठकों में हिंदी साहित्य के मध्यकालीन कविता और समकालीन कविता की समझ विकसित हो सकेंगी तथा वे हिन्दी गद्य के कहानी-विधा, इसके परम्परा और तत्व से भी परिचित हो सकेंगे।

अपेक्षित आधिगम परिणाम

1. पाठक हिन्दी काव्य विधा से परिचित होगें।
2. हिंदी साहित्य के प्रमुख मध्यकालीन कवियों के बारे जान सकेंगे।
3. समकालीन कविता और कहानी के विषयवस्तु को जान पायेंगे।
4. पाठक हिन्दी कहानी विधा से परिचित हो सकेंगे।

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	कविताएँ: शंकरदेव के बरगीत (1,2,3,4,5), कबीरदास के साखी (1,2,3,4,5), सूरदास के पद (1,2,3,4,5), माखनलाल चतुर्वेदी (पुष्प की अभिलाषा), सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (भिक्षुक), महादेवी वर्मा (जाग तुझको दूर जाना)	15
II	कहानियाँ: कफन (प्रेमचंद), आकाशद्वीप (प्रसाद), पाजेब (जैनेन्द्र कुमार), परदा (यशपाल), रोज़ (अज्ञेय)	15

अध्ययन सामग्री

भूपेन्द्र राय चौधरी, *हिन्दी काव्य सुधा*, गुवाहाटी, गौहाती विश्वविद्यालय

चितरंजन मिश्र, *कथाभूमि*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली

Semester II

Paper Code: **HIN201C**

Paper Title: **हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि (Credit: 5+1+0=6)**

इस पाठ्यक्रम में छात्रों को भाषा के विविध पक्षों का अध्ययन कराया जाएगा। बहु-भाषिक भारतीय परिवेश में यह महत्वपूर्ण है कि भारतीय भाषाओं से छात्रों का परिचय हो। इस पाठ्यक्रम में छात्र भारतीय आर्य भाषाओं के वर्गीकरण से परिचित हो पाएंगे। इसके साथ ही हिन्दी भाषा के उद्भव और विकास के बारे में अध्ययन प्रस्तावित है।

हिन्दी की सभी बोलियों का विस्तृत अध्ययन पाठ्यचर्चा का अंग है। लिपि का विकास और भारत में प्रचलित विभिन्न लिपियों की जानकारी का अध्ययन भी इस पाठ्यक्रम में शामिल है।

अपेक्षित अधिगम परिणाम

1. विद्यार्थियों को भाषा के स्वरूप और महत्त्व का ज्ञान प्राप्त होगा।
2. भारत को एक सूत्र में बाँधनेवाली हिंदी भाषा की विविध बोलियों से परिचितहो सकेंगे।
3. विद्यार्थियों को हिंदी के अर्थ-विकास की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।नागरी लिपि का अपेक्षित ज्ञान प्राप्त होगा।

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	भाषा : परिभाषा उत्पत्ति के सिद्धान्त, परिवर्तन के कारण विशेषताएँ, विविध रूप	10
II	भारतीय आर्यभाषा : प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक	10
III	हिन्दी भाषा का विकास : हिन्दी का आरंभिक रूप, हिन्दी का अर्थ, हिन्दी का उद्भव एवं विकास ।	15
IV	हिन्दी भाषा : हिन्दी भाषा का क्षेत्र, हिन्दी की विभाषाएँ एवं बोलियां	10
V	लिपि : परिभाषा, आरंभिक स्वरूप व आवश्यकता, विभिन्नरूप (चित्रलिपि, भावलिपि व ध्वनिलिपि), भाषा व लिपि का संबंध, भारत में लिपि का विकास	15

VI	देवनागरी लिपि : परिचय व विकास, देवनागरी लिपि मानकीकरण, आदर्श लिपि के गुण और देवनागरी लिपि की विशेषताएँ, लिपि व कंप्यूटर	15

अध्ययन सामग्री

बाबूराम सक्सेना, *सामान्य भाषाविज्ञान*, दिल्ली

आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा/दीप्ति शर्मा, *भाषाविज्ञान की भूमिका*, दिल्ली, राधाकृष्ण प्रकाशन

भोलानाथ तिवारी, *भाषाविज्ञान*, दिल्ली, वाणी प्रकाशन

भोलानाथ तिवारी, *हिंदीभाषा का इतिहास*, दिल्ली, वाणी प्रकाशन

भोलानाथ तिवारी, *हिन्दी भाषा*, दिल्ली, वाणी प्रकाशन

हरदेव बाहरी, *हिंदी भाषा: उद्भव, विकास और रूप*, दिल्ली

राजमणि शर्मा, *हिंदी भाषा: इतिहास और स्वरूप*, दिल्ली

उदयनारायण तिवारी, *हिंदी भाषा का उद्गम और विकास*, दिल्ली

Paper Code: **HIN202C**

Paper Title: **हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) (Credit: 5+1+0=6)**

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल से अवगत करवाना है। आधुनिक काल में आयी नवजागरण की लहर के व्यापक स्वरूप एवं उसके प्रभाव से परिचित करवाना है। साथ ही छात्रों को आधुनिकयुगीन विभिन्न काव्यधाराओं की प्रवृत्तियों तथा स्वातंत्र्योत्तर काव्यधाराओं की पृष्ठभूमि से परिचित करवाना है।

अपेक्षित अधिगम परिणाम

1. आधुनिक काल के अंतर्गत आधुनिक और आधुनिकता के अर्थ को समझ पायेंगे
2. हिन्दी की विभिन्न गद्य विधाओं से परिचित होंगे
3. हिन्दी की अन्य गद्येतर विधाओं को भी जान पायेंगे

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	आधुनिक कालः आधुनिक और आधुनिकता का तात्पर्य, नवजागरण का स्वरूप, सन् 1857 का विद्रोह, राष्ट्रीय व सांस्कृतिक चेतना	10
II	आधुनिक काव्यधारा-I : भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग, छायावाद (राष्ट्रीय व सांस्कृतिक काव्यधारा)	20

III	आधुनिककालीन काव्यधारा-II : प्रगतिवादी कविता, प्रयोगवादी कविता, नई कविता, साठोत्तरी कविता, नवगीत, गज़ल	15
IV	हिन्दी गद्य विधाएं- उद्भव और विकास (नाटक, कहानी, उपन्यास, निबंध)	10
V	नयी गद्य विधाएं- सामान्य परिचय (एकांकी, रेखाचित्र/संस्मरण, यात्रा वृतान्त)	10
VI	हिन्दी गद्येत्तर विधाएं- सामान्य परिचय (रिपोर्ताज, डायरी, आत्मकथा, जीवनी, इंटरव्यू)	10

अध्ययन सामग्री

रामचंद्र शुक्ल, *हिंदी साहित्य का इतिहास*, दिल्ली, प्रकाशन संस्थान

हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य की भूमिका*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्यः उद्भव और विकास*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, *हिंदी साहित्य का अतीत*, दिल्ली, वाणी प्रकाशन

नगेन्द्र (संपा.), *हिंदी साहित्य का इतिहास*, दिल्ली, मयूर पेपरबैक्स

राजबली पांडेय (व अन्य), *हिंदी साहित्य का बृहत इतिहास* (17 खण्ड), वाराणसी, नागरी प्रचारिणी सभा

Paper Code: **HIN203GE**

Paper Title: **प्रयोजनमूलक हिन्दी (Credit: 5+1+0=6)**

यह प्रश्नपत्र छात्रों को भाषिक क्षमता के विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है। कार्यालयों में इस्तेमाल होने वाली भाषा के विभिन्न रूपों के सैद्धांतिक और व्यवहारिक रूपों का अध्ययन इस प्रश्नपत्र का उद्देश्य है। इसके साथ संवैधानिक रूप से हिन्दी भाषा की स्थिति तथा केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की अनिवार्यता के विषय में भी छात्रों प्रशिक्षित करना इस प्रश्नपत्र का उद्देश्य है।

1. छात्र कार्यालय में भाषा प्रयोग के स्वरूप को समझ पाएंगे।
2. हिन्दी में कार्यालयी पत्र को लिखने में सक्षम हो पाएंगे।
3. राजभाषा के रूप में हिन्दी की संवैधानिक स्थिति से परिचित हो पाएंगे।
4. कार्यालयी पत्रों के अनुवाद के सैद्धांतिक व व्यवहारिक स्वरूप से परिचित हो पाएंगे।

ईकाई	पाठ्यसामग्री	व्याख्यान
I	प्रयोजनमूलक हिन्दी- अर्थ, परिभाषा, स्वरूप व तत्व (पारिभाषिक शब्दावली)	15

II	कामकाजी हिन्दी (सर्जनात्मक भाषा, संपर्क भाषा व राजभाषा)	15
III	कार्यालयी हिन्दी का व्यवहारिक स्वरूप (आलेखन, टिप्पणी, पत्र-लेखन)	10
IV	जनमाध्यमों में लेखन (जनसंचार का अर्थ व परिभाषा, विज्ञापन, विज्ञापन लेखन, समाचार व उद्घोषणा लेखन)	10
V	प्रयोजनमूलक हिन्दी और अनुवाद (अनुवाद, अनुवाद के प्रकार, कार्यालयी अनुवाद की समस्याएँ)	10
VI	कंप्यूटर और हिन्दी का प्रयोग	15

अध्ययन सामग्री

रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव, *प्रयोजनमूलक हिन्दी*, दिल्ली, वाणी प्रकाशन

राजेन्द्र मिश्र, *प्रयोजनमूलक हिन्दी के विविध रूप*, दिल्ली, तक्षशिला प्रकाशन

कृष्णकुमार गोस्वामी, *भाषा के विविध रूप और अनुवाद*, दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

रमेश तरूण, *प्रयोजनमूलक हिन्दी*, दिल्ली, अशोक प्रकाशन

अमूल्यचंद्र वर्मन, *व्यवहारिक हिन्दी*, गुवाहाटी, असम हिन्दी प्रकाशन

